प्रादेशिक समाचार

दिनांक–25.11.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- राज्य में मंत्रिमंडल गठन को लेकर सरगर्मी हुई तेज, मंत्रियों के नाम तय करने के लिए इंडिया गठबंधन के विभिन्न घटक दलों के प्रभारी हाईकमान के संपर्क में।

- भाजपा ने संताल में आदिवासियों की घटती आबादी पर फिर जतायी चिंता, झामुमो ने भाजपा पर विधानसभा की एसटी–एससी सीटे घटाने की साजिश रचने का लगाया आरोप।

- राजधानी रांची समेत राज्यभर में न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट से ठंड बढ़ी, मौसम विभाग ने 15 दिसंबर से शीतलहर चलने का जताया पूर्वानुमान।

- भारत ने ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को 2 सौ पंचानवे रनों से हराया, बुमराह बने प्लेयर ऑफ द मैच।

***************

राज्य में मंत्रिमंडल गठन को लेकर सरगर्मी तेज हो गयी है। मंत्रियों के नाम तय करने के लिए इंडी गठबंधन के घटक दलों के प्रभारी अपने–अपने हाईकमान के साथ राय–मशवरा कर रहे हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार झामुमो के हिस्से में मुख्यमंत्री समेत छह मंत्री, कांग्रेस के चार मंत्री और राजद के एक मंत्री हो सकते हैं। माले की ओर से मंत्री पद की मांग पर गठबंधन सकारात्मक रुख अपना सकता है और उन्हें एक पद दिया जा सकता है। सूत्र बताते हैं कि हेमंत सोरेन की नई सरकार में झामुमो कोटे से दीपक बिरुवा, हफीजुल हसन और रामदास सोरेन फिर से मंत्री बन सकते हैं। महिला कोटे से लुईस मरांडी या सविता महतो में से एक को मंत्री पद दिया जा सकता है। पलामू प्रमंडल से अनंत प्रताप देव के मंत्री बनने की संभावना है। इसके अलावा रवींद्रनाथ महतो, मथुरा महतो, उमाकांत रजक, और भूषण तिर्की भी मंत्री बनने की दौड़ में शामिल हैं। राजद से सुरेश पासवान के मंत्री बनने की संभावना जताई जा रही है। कांग्रेस की ओर से मंत्रिमंडल में इस बार इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय सिंह और प्रदीप यादव में से दो को मौका मिल सकता है। गौरतलब है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष और इंडिया गठबंधन के नेता हेमंत सोरेन अपने मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों के साथ गुरूवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

***************

रांची के उपायुक्त वरुण रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने आज मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद के सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों को लेकर मोरहाबादी में कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित सभी पदाधिकारियों को तैयारियां तय समय में पूरा करने का निर्देश दिया।

***************

इधर, विधानसभा चुनाव पणिाम को लेकर भाजपा में समीक्षा का दौर जारी है। 30 नवंबर को रांची में भाजपा सभी जिलाध्यक्षों और प्रभारियों के साथ बैठक करेगी। वहीं 3 दिसंबर को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत पार्टी के कई नेता दिल्ली जायेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष के साथ बैठक में पार्टी के प्रदर्शन पर चर्चा होगी। इस बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उम्मीद जतायी है कि नयी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त शासन दे पाने में सफल होगी। उन्होंने दोहराया कि नयी सरकार को एसआइटी गठित कर राज्य में आदिवासियों की घटती आबादी की जांच करानी चाहिए।

***************

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आरोप लगाया है कि भाजपा विधानसभा चुनाव के परिणाम को पचा नहीं पा रही है। रांची में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने आशंका व्यक्त की है कि अगले साल परिसीमन के बहाने राज्य की एसटी–एससी सीटों को घटाने की साजिश रची जा सकती है।

***************

राज्य में विधानसभा चुनाव में भले ही भाजपा का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा लेकिन हजारीबाग संसदीय क्षेत्र की छह में से पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने जीत दर्ज करने में कामयाबी हासिल की है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

***************

एक विशेष कारोबारी समूह के खिलाफ रिश्वत के आरोपों और अन्य मुद्दो को लेकर विपक्ष के हंगामे के चलते ससंद के दोनों सदनों की बैठक आज दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। संसद की कार्यवाही शुरु होने से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आशा प्रकट की है कि संसद का शीतकालीन सत्र लाभकारी रहेगा और इसमें रचनात्मक विचार विमर्श किया जायेगा। श्री मोदी ने कहा कि यह सत्र लोकतंत्र के लिए गरिमापूर्ण ऐतिहासिक अवसर होगा। विपक्ष की आलोचना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता द्वारा अस्वीकृत चुनिन्दा लोग अव्यवस्था पैदा करके संसद पर नियंत्रण करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संसद के समय का उपयोग भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा और सम्मान बढाने के लिए किया जाना चाहिए।

***************

केंद्र सरकार ने संविधान अपनाने की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए अभियान चलाने की घोषणा की है। यह अभियान देशभर में कल से 26 नवंबर, 2025 तक चलेगा। 26 नवंबर, 1949 को भारत की संविधान सभा ने संविधान को अपनाया था और यह 26 जनवरी, 1950 को देश में लागू हुआ था। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने नई दिल्ली में कहा कि संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस कार्यक्रम में संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित करेंगी। श्री रिजिजू ने कहा कि यह केवल संसद का नहीं बल्कि पूरे देश का उत्सव है।

***************

राजधानी रांची समेत राज्य के सभी जिलों में ठंड लगातार बढ़ रही है। सुबह कोहरे का असर भी देखा जा रहा है। कनकनी बढ़ने से कई जगहों पर सुबह और रात में लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेने लगे हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रभारी निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि रांची समेत राज्य के अधिकांश भाग में 28 नवंबर तक किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है लेकिन उसके बाद तापमान में अच्छी–खासी गिरावट दर्ज की जा सकती है। उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर के बाद एक महीने तक शीतलहर चलने की संभावना है।

***************

ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के पहले क्रिकेट टेस्ट में भारत ने ऑस्ट्रेलिया पर दो सौ पैंचानबे रनों की शानदार जीत दर्ज की है। यह जीत भारत की सबसे बड़ी टेस्ट जीत में से एक है। भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने तीन–तीन विकेट लिए। बुमराह को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। विराट कोहली के नाबाद शतक और यशस्वी जायसवाल की एक सौ एकसठ रनों की शानदार पारी की बदौलत भारत ने मेजबान टीम के सामने पांच सौ चौंतीस रन का विशाल लक्ष्य रखा। इस जीत ने भारत को पांच मैचों की श्रृंखला में 1–0 की बढ़त भी दिला दी है। दूसरा टेस्ट 6 दिसंबर को एडिलेड ओवल में शुरू होने वाला है।

*****समाप्त*******